प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 18.10.2024        समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर सेमिनार कल, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे शुभारम्भ।
- मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा-राज्य सरकार बनाने जा रही है आकर्षक फार्मा पॉलिसी।
- खंडवा जिले के खालवा में बनेगा 50 करोड़ रुपए की लगत से सी.एम.राइज स्कूल ।
- न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरी पारी में संभला भारत, 3 विकेट के नुकसान पर बनाए 231 रन ।

सड़क सेमिनार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कल भोपाल में सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ करेंगे। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे भोपाल संवाददाता:

उर्वरक वितरण

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार ने खरीफ में किसानों को आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया है और रबी में भी इसी प्रकार से किसानों की आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध करायेगें।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में डीएपी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव का कारण यूक्रेन और इजराइल संघर्ष है। इनके संघर्ष के कारण

आपूर्ति में बाधाओं का सामना करना पड़ा है। फिर भी किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति विस्तार

सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए मेधावी छात्रों के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल की अंतिम तिथि इस महीने की 31 तारीख तक बढ़ा दी है। नेशनल मीन्स कम मैरिट स्कॉलरशिप स्कीम के अन्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को स्कूल नहीं छोडने के लिए छात्रवृत्ति दी जाती है। इससे छात्रों को अपनी शिक्षा 12 वीं कक्षा तक पूरी करने में मदद मिलती है। इसके तहत प्रतिवर्ष नौवीं कक्षा से एक लाख छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। प्रत्येक छात्र को प्रति वर्ष 12 हजार रूपये मिलते हैं।

ट्रेन कैंसिल

जबलपुर मंडल के कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर यार्ड रिमॉडलिंग वर्क के चलते रेलवे ने जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस, सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस सहित 6 ट्रेनों को अलग अगल तारीखों पर निरस्त किया है। इसके अलावा भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस, संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस और अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस सहित 8 ट्रेनों के रूट भी बदले हैं। ट्रेनों में यह बदलाव 28 अक्टूबर तक लागू रहेगा।

इंडियन केमिकल्स एंड पेट्रो-केमिकल्स सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुंबई में केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ इंडिया केम-2024 एडवांटेज भारत : इंडियन केमिकल्स एंड पेट्रो-केमिकल्स पेविंग द फ्यूचर के 13वें द्वि-वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ किया.

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में केमिकल, फार्मा, पेट्रो-केमिकल और प्लास्टिक जैसे उद्योगों के लिए बेहतरीन इको-सिस्टम विद्यमान है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार आकर्षक फार्मा पॉलिसी बनाने जा रही है. अभी भी प्रदेश 160 से अधिक देशों को दवाएं निर्यात कर रहा है. वर्ष 2023-24 में प्रदेश से 11 हजार 889 करोड़ रुपये के फार्मा प्रोड्क्ट का निर्यात हुआ है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिकीकरण तथा निवेश के क्षेत्र में केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन आरंभ किया गया है।

खंडवा सी एम राइज

खंडवा जिले के खालवा में 50 करोड़ रुपए से सी.एम.राइज स्कूल बनाया जाएगा। इसमें 100 सीटर छात्रावास की व्यवस्था भी रहेगी। इसके अलावा हॉकी खेल मैदान के लिए खालवा में 4 करोड़ रुपए लागत से एस्ट्रोटर्फ बनाया जाएगा। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने आज क्रीड़ा परिसर खालवा में 68वीं शालेय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि 18 करोड़ 6-6 करोड़ रूपए की लागत से यहां चेंजिंग रूम, प्रशासनिक भवन, बास्केटबॉल खेल मैदान भी बनाये जायेंगे।

सरकार-मध्यस्थता विधेयक

सरकार ने मध्यस्थता और सुलह संशोधन विधेयक-2024 के प्रारूप पर सुझाव मांगे हैं। विधि और न्याय मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने देश में विवाद निपटारा परिवेश को मजबूत करने और कारोबार सुगमता के लिए कई कदम उठाये हैं। मंत्रालय ने कहा है कि कानूनी मामले विभाग फिलहाल मध्यस्थता और सुलह अधिनियम 1996 में और संशोधन करने की प्रक्रिया में है। विभाग ने इस प्रारूप पर अगले महीने की तीन तारीख तक आम जनता से सुझाव मांगे हैं।

भारत क्रिकेट

न्यूजीलैंड के खिलाफ आज तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए हैं। भारत अभी न्यूज़ीलैंड से 125 रन पीछे है। सरफराज खान 70 रन बनाकर नाबाद लौटे जबकि विराट कोहली दिन की आखिरी बॉल पर आउट हो गए। कोहली और सरफराज के बीच तीसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी हुई। कोहली के अलावा रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए। एजाज पटेल ने 2 और ग्लेन फिलिप्स ने 1 विकेट लिया।

न्यूज़ीलैंड की टीम पहली पारी में 402 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने 356 रन की बढ़त हासिल की। भारत की पहली पारी महज 46 रन पर सिमट गयी थी । मैच में पहले दिन का खेल बारिश की वजह से नहीं हो सका था।

मौसम

प्रदेश के ग्वालियर, पचमढ़ी, रीवा और राजगढ़ में रातें सर्द होने लगी हैं। यहां रात का पारा 19 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया है। हालाँकि भोपाल-इंदौर में तापमान 21-22 डिग्री बना हुआ है। दीवाली तक प्रदेश के ज्यादातर शहरों में रातें ठंडी हो जाएंगी।

मौसम विभाग ने प्रदेश के दक्षिणी हिस्से के 12 जिलों में अगले 2 दिन हल्की बारिश और गरज-चमक होने का अनुमान जताया है। 20 अक्टूबर से बारिश का दौर थम जाने की सम्भावना है ।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में प्रदेश में दक्षिणी क्षेत्र के कई जिलों में मौसम बदला रहने का अनुमान जताया है।

कुछ समाचार संक्षेप में...

1. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार कल जबलपुर आएंगे। केंद्रीय मंत्री विकलांग सेवा भारती में आयोजित कार्यक्रम सहित विभिन्न आयोजनों में शामिल होंगे.
2. आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में आज से तीन दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ हुआ । इसमे साहित्यिक, सांस्कृतिक विधाओं के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।
3. अशोकनगर में मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 21 अक्टूबर को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।
4. शिवपुरी जिले में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पीवीटीजी अंतर्गत 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीयन कार्य में लापरवाही, उदासीनता बरती जाने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की 7 पर्यवेक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है।

5. बैतूल में स्माइल ट्रेन इंडिया और पाढर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में 21 से 25 अक्टूबर तक कटे-फटे होंठ तालू की सर्जरी का नि:शुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में जर्मनी के डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा।

6. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति रतलाम की 89 वीं अर्द्ध वार्षिक बैठक का आयोजन को मंडल कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक रजनीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

------------------------